प्रेषक,

शिव गोपाल सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 29 अप्रैल, 2025

विषय:- केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी युसुफ पुत्र बरसाती, निवासी जनपद-कुशीनगर की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वरिष्ठ अधीक्षक (मु0) कारागार के पत्र संख्या-36891/प्रोबेशन-3-फार्म-ए/(एम-22.11.2024), दिनांक-05.12.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी युसुफ पुत्र बरसाती, जो ग्राम-जटहा रोड पडरौना, थाना-को पडरौना, जनपद-कुशीनगर का निवासी है। दहेज में मोटर साइकिल न मिलने पर बन्दी ने दिनांक 03.05.1999 को अपने 01 सहअभियुक्त के साथ मिलकर श्रीमती जमीला खातून व उसकी 06 माह की बच्ची को जिन्दा जलाकर हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-169/1999 में भा0द0वि0 की धारा-498ए, 304बी, 302 के अन्तर्गत मा० अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुशीनगर स्थान पडरौना के आदेश दिनांक 04.06.2009 द्वारा मृत्यु दण्ड से दण्डित किया गया। मा० उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 14.12.2009 द्वारा बंदी की अपील निर्णीत करते हुए मृत्यु दण्ड की सजा को आजीवन कारावास की सजा में परिवर्तित किया गया। बंदी द्वारा दिनांक 21.11.2024 तक 15 वर्ष, 10 माह, 02 दिन तथा सपरिहार 19 वर्ष, 08 माह, 11 दिन की सपरिहार भोगी गयी है।

3- जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, कुशीनगर द्वारा शासनादेश संख्या 1658/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि० एल० जे० 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बन्दी का अपराध व्यक्ति विशेष तक सीमित न होकर व्यापक रूप से सम्पूर्ण समाज को प्रभावित करने, बन्दी द्वारा भविष्य में कोई घटना कारित करने की सम्भावना से इंकार नहीं किए जाने, पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं होने, बंदी के परिवार की सामाजिक आर्थिक दशा समान्य होने जो समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नही होने का अंकन करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, कुशीनगर द्वारा बंदी का अभिभावक उपयुक्त पाया गया है।

4- प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि दहेज में मोटर साइकिल न मिलने पर बन्दी ने दिनांक 03.05.1999 को अपने 01 सहअभियुक्त के साथ मिलकर श्रीमती जमीला खातून व उसकी 06 माह की बच्ची को जिन्दा जलाकर हत्या कर दी। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नही है, जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट 1938 की धारा-**2** के अन्तर्गत

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

सिद्धदोष बंदी युसुफ पुत्र बरसाती को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

5- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी युसुफ (बन्दी संख्या-514/2023) पुत्र श्री बरसाती, निवासी जनपद-कुशीनगर के फार्म-ए/लाईसेंस पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट,1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए/लाईसेंस पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-375/2025/2120(1)/22-2-2024 एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, कुशीनगर।

2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, वाराणसी।

3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

4- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (क्रिमि0) संख्या-529/2021 सोनाधर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य तथा सुओ मोटो रिट पिटीशन (क्रिमि0) संख्या-04/2021 पॉलिसी स्ट्रेट्जी फार ग्रान्ट ऑफ बेल में मा0 उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 10.09.2024 के सन्दर्भ में।

6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ममता श्रीवास्तव
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

शासनादेश संख्या-375/2025/2120/22-2-2024-17(592)/2024

दिनांक 29 अप्रैल, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी युसुफ पुत्र बरसाती, जो ग्राम-जटहा रोड पडरौना, थाना-को पडरौना, जनपद-कुशीनगर का निवासी है। दहेज में मोटर साइकिल न मिलने पर बन्दी ने दिनांक 03.05.1999 को अपने 01 सहअभियुक्त के साथ मिलकर श्रीमती जमीला खातून व उसकी 06 माह की बच्ची को जिन्दा जलाकर हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-169/1999 में भा0द0वि0 की धारा-498ए, 304बी, 302 के अन्तर्गत मा० अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुशीनगर स्थान पडरौना के आदेश दिनांक 04.06.2009 द्वारा मृत्यु दण्ड से दण्डित किया गया। मा० उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 14.12.2009 द्वारा बंदी की अपील निर्णीत करते हुए मृत्यु दण्ड की सजा को आजीवन कारावास की सजा में परिवर्तित किया गया। बंदी द्वारा दिनांक 21.11.2024 तक 15 वर्ष, 10 माह, 02 दिन तथा सपरिहार 19 वर्ष, 08 माह, 11 दिन की सपरिहार भोगी गयी है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, कुशीनगर द्वारा शासनादेश संख्या 1658/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि० एल० जे० 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बन्दी का अपराध व्यक्ति विशेष तक सीमित न होकर व्यापक रूप से सम्पूर्ण समाज को प्रभावित करने, बन्दी द्वारा भविष्य में कोई घटना कारित करने की सम्भावना से इंकार नहीं किए जाने, पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं होने, बंदी के परिवार की सामाजिक आर्थिक दशा समान्य होने जो समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नही होने का अंकन करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, कुशीनगर द्वारा बंदी का अभिभावक उपयुक्त पाया गया है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि दहेज में मोटर साइकिल न मिलने पर बन्दी ने दिनांक 03.05.1999 को अपने 01 सहअभियुक्त के साथ मिलकर श्रीमती जमीला खातून व उसकी 06 माह की बच्ची को जिन्दा जलाकर हत्या कर दी। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नही है, जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट 1938 की धारा-**2** के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी युसुफ पुत्र बरसाती को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in